# आज सुबह नगर भ्रमण पर निकलेंगे रणजीत बाबा

- सवा लाख रक्षा सूत्र की सिद्धी और विग्रह का महाभिषेक
- यात्रा मार्ग पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी
- चार झोन में 650 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** रणजीत महोत्सव के तहत आज सुबह से दोपहर तक सवा लाख रक्षा सूत्र की सिद्धी की गई. इसके साथ ही रणजीत हनुमान के विग्रह का महाभिषेक भी किया गया. करीब साढ़े तीन घंटे तक रक्षा सूत्र सिद्धी और महाभिषेक का पूजन चलता रहा. इस दौरान मंदिर पर बढ़ी संख्या में श्रद्धालु ने पूजन महाअभिषेक में भाग लिया.

रणजीत अष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन मंदिर परिसर में सवा लाख रक्षा सूत्र सिद्धी और विग्रह महाअभिषेक का आयोजन किया गया. सिद्ध रक्षा सूत्र आज सुबह प्रभात फेरी में भक्तों को बांटे जाएंगे. रक्षा सूत्र सिद्धी और विग्रह महाभिषेक का पूजन सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक निरंतर चलता रहा. इस दौरान पंडितो के समूह ने मंत्रों उच्चार के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं और भक्तों को मुग्ध कर दिया. अंत में हवन और आरती के साथ सिद्धी पूजन के समाप्ति हुई.

**स्वर्ण रथ पर सवार होकर दर्शन देंगे**-चार दिवसीय महोत्सव में आज चौथे दिन रणजीत बाबा अष्टमी महोत्सव में नगर भ्रमण करेंगे। इस दौरान करीब 5 किलोमीटर बाबा मंदिर से महूनाका, महावर नगर, दशहरा मैदान, अन्नपूर्णा मंदिर, नरेंद्र तिवारी मार्ग, सुदामा नगर महावीर द्वार से वापस मंदिर पहुंचेंगे। बाबा स्वर्ण रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे. बाबा के स्वर्ण रथ को विशेष तरह के फूलों से सजाया जाएगा. रथयात्रा के स्वागत के लिए 3 सौ से ज्यादा स्वागत मंच श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे हैं. हर मंच से विभिन्न तरह की प्रसादी जिसमें, हलवा, पोहे, चाय से लेकर सूखे मेवे तक चढ़ाई जाती है. इस साल भी 20 से ज्यादा तरह के भोग भगवान के लिए श्रद्धालुओं द्वारा बनाए गए है.

मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि उक्त रथ यात्रा के शुरुआत करीब 130 साल पहले बहुत छोटे से स्वरूप में हुई थी. आज बाबा ने आस्था और श्रद्धा से ऐसा प्रताप फैल गया है कि साल दर साल भक्तों और श्रद्धालुओं के संख्या में बढ़ोतरी हो रही है. पिछले साल पांच लाख लोगों ने बाबा के प्रति श्रद्धा और आस्था व्यक्त की थी. इस बार करीब 6 लाख से ज्यादा लोग के शामिल होने की संभावना है. यात्रा समाप्ति के साथ ही चार दिवसीय महोत्सव का समापन हो जाएगा.

### 50 ड्रोन कैमरे और 100 से ज्यादा सीसीटीवी से होगी निगरानी

इंदौर के अभूतपूर्व रणजीत बाबा रथ यात्रा को लेकर प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के बढ़े स्तर पर तैनाती की गई है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि 5 किलोमीटर से भी ज्यादा लंबे मार्ग के लिए 650 पुलिसकर्मी और अधिकारी तैनात किए गए है. पूरे यात्रा मार्ग को चार जोन में बांटा गया है, जिसमें एक एडिशनल डीसीपी, दो एसीपी और चार टीआई के साथ महिला, एसटीएफ और पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे. यात्रा मार्ग को करीब 50 ड्रोन कैमरे और 100 से ज्यादा सीसीटीवी एवम 200 यात्रा मार्ग पर लगे निजी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी. वहीं प्रशासन की ओर से चार एडीएम और 8 एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगाई गई है. यात्रा में शराब, नशा और हुडदंग करने वाले को सीधे पकड़कर जेल भेजा जाएगा.

# शीत लहर के प्रभाव से बचने के लिए बरतें सावधानी

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

**इंदौर.** शीत लहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है. जारी एडवाइजरी में नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे सर्दी को देखते हुए विशेष सावधानी बरते. गर्म कपड़े पहने, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण हो जाने पर चिकित्सक से संपर्क करें.

प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि सर्दी के मौसम में जब ठंडी हवाएं तेजी से चलने लगती है, तापमान में तेजी से गिरावट होने लगती है, तब इस स्थिति को शीत लहर कहते है, आसान शब्दों में कहा जा सकता है कि सर्दी के मौसम में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 04-05 डिग्री नीचे चला जाता है तो इसे शीत लहर कहा जाता है. स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टी.वी. एवं समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया द्वारा दी जा रही जानकारी का अनुसरण करें. पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहने. नियमित रूप से गर्म पेय पीते रहे. शीत लहर के समय विभिन्न प्रकार की बीमारियों की संभावना अधिक बढ़ जाती है, जैसे फ्लू, सर्दी, खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण हो जाने पर चिकित्सक से संपर्क करें. कम तापमान के लक्षण जैसे सामान्य से कम शरीर का तापमान, न रुकने वाली कपकपी, याददाश्त चले जाना, बेहोशी या मूर्छा की अवस्था का होना, जबान का लड़खडाना आदि प्रकट होने पर चिकित्सक से संपर्क कर उपचार प्राप्त करें.

# टैक्स बकाया होने पर कॉलेज का ऑफिस और प्राचार्य रूम सील

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम ने आज शहर के प्रसिद्ध खालसा कॉलेज के ऑफिस और प्राचार्य रूम को सील करने के कार्रवाई की. नगर निगम ने उक्त कॉलेज पर संपत्ति कर का करीब पौने दो करोड़ रुपए टैक्स बकाया होने पर कार्रवाई की गई. खास बात यह है कि खालसा कॉलेज पर निगम पहले भी सील करने की कार्रवाई कर चुका है.**




नगर निगम राजस्व विभाग ने आज राजमोहल्ला चौराहे पर स्थित एमबी खालसा कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई की. खालसा कॉलेज ने नगर निगम का 2019 - 2020 से टैक्स जमा नहीं किया है. खालसा कॉलेज पर 1.76 लाख से ज्यादा राशि बकाया है. उक्त राशि की वसूली को लेकर आज नगर निगम राजस्व विभाग ने खालसा कॉलेज का ऑफिस और प्राचार्य रूम सील कर दिया. झोन 2 के सहायक राजस्व अधिकारी अखिलेश मालवीय ने बताया कि कालेज द्वारा टैक्स की राशि जमा नहीं की जा रही है. पहले भी कॉलेज पर सील करने के कारवाई निगम ने की थी. आज भी बच्चो के क्लास रूम को छोड़कर ऑफिस और प्राचार्य रूम सील किए हैं. कॉलेज पर सीलिंग के कार्रवाई तब तक रहेगी, जब तक टैक्स जमा नहीं किया जाता है.

# हवाई सेवा शुरू होने से विंध्य क्षेत्र को लगेंगे पंख : शुक्ल

- इंदौर-रीवा हवाई सेवा के लिए विंध्यांचल सोशल ग्रुप ने उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

**इंदौर.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गुरूवार की शाम इंदौर आये. वे रेसीडेंसी कोठी में विंध्य क्षेत्र के इंदौर में रह रहे नागरिकों से मिले. विंध्यांचल सोशल ग्रुप के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का इंदौर-रीवा हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिये पुष्पगुच्छ प्रदान कर आभार जताया. इस अवसर पर मंत्री ने विंध्यांचल सोशल ग्रुप की वेबसाइट का शुभारंभ भी किया.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आगामी 22 दिसम्बर से इंदौर-रीवा हवाई सेवा प्रारंभ की जा रही है. इस सेवा के प्रारंभ होने से विंध्य क्षेत्र के इंदौर में निवासरत हजारों नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी. विंध्य क्षेत्र के सतना, सीधी, शहडोल, मऊगंज आदि क्षेत्रों के नागरिक व्यापार, व्यवसाय एवं शिक्षा की दृष्टि से इंदौर आते हैं. आज यहां करीब एक लाख लोग विंध्य क्षेत्र के निवासरत हैं. हवाई सेवा शुरू होने से उन्हें यह सुविधा मिलेगी. इंदौर-रीवा हवाई सेवा शुरू होने के बाद विंध्य के नागरिक इंदौर विमानतल से मुंबई, दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि शहरों के लिए जा सकते हैं. डॉ. शुक्ल ने कहा कि पिछले दिनों ही रीवा से दिल्ली के लिये हवाई सेवा शुरू की गई है. जिसका बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है. विंध्य क्षेत्र का विकास अब और तेजी गति से होगा. रीवा सड़क, रेल मार्ग और अब हवाई मार्ग से जुड़ने के कारण यहां विकास और तेज गति से होगा. रेसीडेंसी कोठी पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस आई अस्पताल के अधीक्षक डॉ. डी.के. शर्मा, चाचा नेहरू चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अरविंद शुक्ला, एमवाय के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव से इंदौर के स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की.



### ट्रेन को नियमित करने की मांग

विंध्यांचल सोशल ग्रुप ने उप मुख्यमंत्री से मांग की कि वर्तमान में इंदौर से रीवा के लिये चल रही ट्रेन को नियमित किया जाये. इंदौर में विंध्य भवन हेतु भूमि आवंटित की जाये. सिंगरोली से भोपाल चलने वाली ट्रेन को इंदौर तक बढ़ाया जाये. इस मौके पर ग्रुप के अध्यक्ष आर.पी. शर्मा, सचिव दिलीप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विंध्य क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इंदौर के स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली.

## एक नजर में

### सेबी और आईईपीएफए ने निवेशक शिविर आयोजित किया

**इंदौर.** सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) और मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स के तहत इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी (आईईपीएफए) ने मिलकर जयपुर में चौथा निवेशक शिविर आयोजित किया. इस इन्वेस्टर आउटरीच पहल का उद्देश्य शेयरधारकों को बकाया लाभांश और बिना दावा किए गए शेयर्स की वापसी में मदद करना और इस तरह सिस्टम में बिना दावे वाली निवेशक परिसंपत्तियों की संख्या को कम करना है. यह शिविर प्रमुख मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन्स (एमआईआई)- एनएसई, बीएसई, सीडीएसएल और एनएसडीएल, तथा रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए)- केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बिगशेयर सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, कैम्स और पूर्वा शेयरगिस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सेबी के जनरल मैनेजर बिनोद शर्मा, आईईपीएफए के जॉइंट डायरेक्टर रुवित कुमार, आईईपीएफए की डीजीएम समीक्षा लाम्बा और एनएसई के एसवीपी आविष्कार नाइक सहित सेबी, आईईपीएफए, एमआईआई और आरटीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

### कोटक सिक्योरिटीज ने मार्केट आउटलुक जारी किया

**इंदौर.** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड (कोटक नियो) ने अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया है, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार और कमोडिटी (जैसे सोना) में मजबूती की उम्मीद जताई गई है. रिपोर्ट में आने वाले साल में निवेशकों के ध्यान देने लायक बड़े आर्थिक रुझान, सेक्टर के अवसर और कमोडिटी के अनुमान बताए गए हैं. कोटक सिक्योरिटीज के एमडी एंड सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ग्रोथ का मजबूत केंद्र बना हुआ है. हमारी इक्विटी पर राय पॉजिटिव है, क्योंकि कॉर्पोरेट अर्निंग अच्छी रहने की उम्मीद है और नीतिगत माहौल भी सहयोगी है. 2026 में सोना एक सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में अपनी चमक बनाए रखेगा. युवा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से बाजार और मजबूती पकड़ेगा और वेल्थ क्रिएशन के नए अवसर पैदा होंगे.

### साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन जनवरी में होगा



**इंदौर.** दाऊदी बोहरा समाज के धर्मगुरु हिज होलिनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की मंशा मुताबिक सेहत के लिए सायकल का उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए समाज के उमूरे सेहत ने 25 जनवरी 2026 में साइक्लोथॉन का आयोजन किया है. यह जानकारी देते हुए समाज इंदौर के मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि साइक्लोथॉन के बूथ स्थापना एवं पोस्टर विमोचन शेख मोहम्मद कुंवरजी, सादिक खान, मज़हर हुसैन सेठजी वाला, मुर्तजा सैफी, अब्दुल क़ादिर मुखिया, मोहम्मद बड़वानी वाला, मोहम्मदुल बाक़िर इज्ज़ी ने किया. साथ ही इस आयोजन की तैयारियों, आयोजन स्थल की साफ़-सफ़ाई और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई. साइक्लोथॉन का कुल रूट 28 किलोमीटर निर्धारित किया गया है, जो सैफीनगर स्थित बादशाह स्क्वायर से शुरू होकर बॉम्बे हॉस्पिटल तक जाएगा और वहां से वापस होकर सैफीनगर मस्जिद कैंपस पर समाप्त होगा.

# नाटक कुटुंब किर्रतन का मंचन सानंद के मंच पर आज से



**इंदौर.** सानंद न्यास के पांच दर्शक समूह के लिए नाटक कुटुंब किर्रतन का मंचन आज से स्थानीय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह खंडवा रोड इंदौर में होगा.

सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानव सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि इस नाटक मे वरिष्ठ अभिनेत्री वंदना गुप्ते एवं प्रसिद्ध अभिनेता संकर्षण कऱ्हाडे मुख्य अभिनेता होंगे. सानंद के मंच पर वरिष्ठ अभिनेत्री वंदना गुप्ते को लंबे अर्से के बाद प्रत्यक्ष रंगमंच पर देखने का अवसर प्राप्त हो रहा हैं. सानंद न्यास के श्री भिसे एवं श्री वावीकर ने बताया कि 3 दिन एवं 5 प्रयोगों में होने वाले नाटक कुटुंब किर्रतन का मंचन 12 दिसंबर को मामा मुजुमदार समूह के लिये सायं. 6.30 बजे, 13 दिसंबर को रामुभैय्या दाते समूह के लिये अपराह्न 4 बजे, सायं. 7.45 बजे राहुल बारपुते समूह के लिये, इसी प्रकार 14 दिसंबर को वसंत समूह के लिये अपराह्न 4 बजे एवं सायं 7.45 बजे बहार समूह के लिये होगा.

# समाज और राष्ट्र में परिवर्तन की बुनियाद शिक्षा से होती है : सिलावट

- मंत्री ने राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**इंदौर.** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज इंदौर में एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. प्रतियोगिता में चण्डीगढ, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडू, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश सहित कुल 13 राज्यों के 126 खिलाड़ी खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हो रहे हैं.

मंत्री श्री सिलावट ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र में परिवर्तन की बुनियाद शिक्षा और खेलकूद से होती है. देश के कोने-कोने से बालक-बालिकाएं खेलने आये हैं, जो एक जूनून और संकल्प लेकर आए हैं. सभी में जीत की भावना है, जो खेल के भाव से ही पूर्ण हो सकती है. पूरे राष्ट्र में किसी का स्तर ऊंचा है, तो वह खेल का है. आप सभी 13 राज्यों के प्रतिनिधि के तौर पर खेलकर एक राष्ट्र का निर्माण कर प्रदेश को गौरवान्वित करें यही मेरी इच्छा है. इस अवसर पर एमरल्ड हाइटस इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर मुक्तेश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी भार्गव, प्राचार्य श्रीमती निशा, आब्जर्बर अजयसिंह चंदेल, क्रीड़ा अधिकारी सुनील अवस्थी, जनपद अध्यक्ष विश्वजीतसिंह सिसौदिया, कमल पटेल, मंडल अध्यक्ष विपीन जागीरदार सहित 13 राज्यों के कोच एवं पदाधिकारी उपस्थित थे.

# छात्राओं ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

- संगीत की सुरीली धुनों पर बांधा समां
- प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल का वार्षिकोत्सव यूफोरिया संपन्न



**इंदौर.** दुनिया रहने की एक खूबसूरत जगह है इसलिए जिंदगी को मुस्कुरा कर जियो- यह संदेश दे गया प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल का वार्षिकोत्सव यूफोरिया. एक सशक्त थीम एवं सुंदर नृत्य संयोजन के साथ दी गई प्रस्तुति में वहां उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया.

सुरीली सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुए इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी अभिनेत्री निकिता दत्ता. विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रिकेट की दो महान खिलाड़ी वैष्णवी शर्मा व प्रियंका कौशल उपस्थित थी. निकिता दत्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का जमाना हमारा है हम जो चाहे कर सकते हैं और हम किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है. वैष्णवी शर्मा ने कहा कि महिलाएं इतिहास रच सकती हैं. उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि मैं मध्यप्रदेश से निकलकर विश्व मंच तक पहुंच पाई हूं तो आप सभी ऐसा कर सकते हैं. प्रज्ञा गर्ल्स स्कूल के डायरेक्टर सागर पटेल ने कहा कि उनका विजन नारी शिक्षा को लेकर स्पष्ट एवं बड़ा है और वे इस बात का संभव प्रयास करते है कि स्कूली छात्राओं को टेकनॉलाजी, साईस, कम्प्यूटर साईस को लेकर बेहतर सुविधाये मिले. सर्वप्रथम स्कूल आर्केस्ट्रा के बच्चों ने बेहतरीन सुरीली धुनों पर संगीत का समां बांध दिया. छात्राओं ने पियानो, ढोलक, तबला, गिटार, हारमोनियम, बांसुरी, पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी. इस बार के कार्यक्रम की विषय वस्तु हास्य और खुशी पर आधारित रही जिसमें अलग अलग दृश्यों के माध्यम से हंसी के अवसर उपलब्ध कराए गए. थीम पर आधारित सारे नृत्यों का चयन भी लाजवाब था दर्शकों की तालियां लगातार बजती रही.

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय में अपनी सेवाएं देते हुए 10 एवं 20 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया वहीं 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया. विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य डॉ राशि शाह द्वारा प्रस्तुत किया गया. वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन से राधे श्याम पटेल, सत्यनारायण पटेल चेयरपर्सन, रेणु गहलोत, युवा डायरेक्टर सागर पटेल उपस्थित रहे. संचालन विद्यालय की छात्रा श्रेयांशी गर्ग भव्या पटेल अंशिका मिश्रा तथा गरिमा नवानी ने किया.

# संस्कृत कॉलेज में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी व सम्मेलन 14 से

## ज्योतिष-वास्तु पर होगा विमर्श, देशभर से आएंगे विद्वान

**इंदौर.** भारतीय ज्ञान परम्परा, ज्योतिष, वास्तु और कर्मकाण्ड विषयों पर आधारित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं सम्मेलन का आयोजन आगामी 14 दिसंबर को शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में होने जा रहा है. यह राष्ट्रीय आयोजन देशभर के विश्वविद्यालयों, पारंपरिक गुरुकुलों एवं अनुसंधान संस्थानों के विद्वानों को एक मंच पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है. इसमें लगभग 100 से अधिक ज्योतिषाचार्य, शोधार्थी एवं प्राध्यापक सहभागी होंगे.

आयोजन समिति के संयोजक योगेंद्र महंत, विभागाध्यक्ष डॉ. विनायक पाण्डेय तथा प्रभारी आचार्य गोपालदास बैरागी ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में देश के विख्यात ज्योतिर्विद एवं तंत्रकुल के संस्थापक आचार्य राजेश बेंजवाल (देहरादून) उपस्थित रहेंगे. वे आधुनिक संदर्भों में नाड़ी ज्योतिष, तंत्र सिद्धांत एवं वैदिक खगोल विज्ञान पर अपने विचार रखेंगे. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर के सुविख्यात ज्योतिषाचार्य डॉ. साकेत मिश्रा भी संबोधित करेंगे. वे अपनी सटीक भविष्यवाणियों, शोधपरक दृष्टिकोण और शास्त्रीय पद्धति के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं. सम्मेलन के दौरान शोधार्थियों एवं विद्वानों द्वारा विभिन्न विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे.

इस सम्मेलन में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से विद्वान सहभागिता करेंगे. आयोजन समिति का कहना है कि यह संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परम्परा को शास्त्रीय आधार पर पुनर्स्थापित करने में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी.

# डीपी ज्वैलर्स की विरासत कपिल शर्मा की आने वाली फिल्म में दिखेगी



**इंदौर.** डीपी ज्वैलर्स ने एक बार फिर अपनी 85 साल पुरानी उत्कृष्ट कारीगरी और शाश्वत सुंदरता की परंपरा को बरक़रार रखते हुए फिल्म किस किस को प्यार करूँ 2 के साथ एक विशेष भागीदारी स्थापित की है. फिल्म निर्माताओं ने शूटिंग के एक महत्वपूर्ण दृश्य के लिए इस विश्वसनीय स्थानीय ब्रांड को चुना, जहाँ फिल्म के मुख्य अभिनेता कपिल शर्मा अपनी गर्लफ्रेंड के लिए डायमंड रिंग चुनने के लिए स्वयं स्टोर पर आते हैं. उनके नामांकन ने एक सामान्य दिन को वहाँ खरीदारी कर रहे ग्राहकों के लिए बेहद रोमांचक और यादगार अनुभव में बदल दिया.

डीपी आभूषण लिमिटेड के प्रवर्तक विकास कटारिया कहते हैं- हमारे लिए यह बेहद हर्ष का विषय था कि हमने कपिल शर्मा और पूरी टीम का स्वागत डीपी ज्वैलर्स भोपाल स्टोर, मध्य प्रदेश में किया. ऐसे क्षण हमारे और प्रदेशभर के ग्राहकों के बीच के उस गहरे संबंध को और मजबूत करते हैं. अभिनेता ने डीपी ज्वैलर्स के उत्कृष्ट डायमंड कलेक्शन को बड़ी बारीकी से देखा, जहाँ स्टोर की विशेषज्ञ टीम ने उन्हें ब्रांड की सिग्नेचर कृतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी. कपिल ने कई डिज़ाइनों की समीक्षा की और मैनेजमेंट टीम, स्टाफ तथा ग्राहकों से बातचीत की. ग्राहकों से बातचीत के दौरान, कपिल ने अपनी आने वाली फिल्म के बारे में भी कुछ चर्चा की. अपनी स्वाभाविक हास्य शैली से उन्होंने माहौल को और भी हल्का और आनंदमय बना दिया.

एक नजर में

महिला प्रकोष्ठ की सौ से अधिक सखियों ने संजोई विंटर पार्टी

# डीजे बीट्स पर किया डांस, खेले आकर्षक गेम्स

**इंदौर. अपने लव यू जिन्दगी कार्यक्रम की श्रृंखला में महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की मेजबानी में गुरुवार को करीब 100 सखियों ने गुनगुनी दोपहरी और ढलती सांझ के बीच बिदा ले रहे अंग्रेजी वर्ष 2025 को मस्ती और धमाल के माहौल में विदाई दी.**



नाचते-गाते और डीजे बीट्स की अनुगूंज के साथ विंटर ड्रेस कोड में सजी-धजी सखियों ने राऊ बायपास स्थित, सेज यूनिवर्सिटी के सामने एक रिसोर्ट पर मनोहारी डेकोरेशन के बीच फन और मस्ती के आलम में एकदूसरे के साथ अपनी खुशियाँ साझा की. प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर सभी सखियों के लिए आकर्षक उपहार, दोपहर के भोज एवं मनोरंजक व्यवस्थाएं संजोयी गई थी. सखियों ने आकर्षक गेम्स भी खेले और भरपूर मनोरंजन का लुत्फ भी लिया. इस दौरान बेस्ट ड्रेसअप के लिए नीलम, कविता और पूनम, लकी ड्रा में स्वाति, प्रीति, मोना और एक अन्य स्वाति ने बाजी मारी। विभिन्न स्पर्धाओं में अंजलि, संगीता, शिल्पा, श्वेता, स्वाति, मीना, सीमा और नीलिमा ने पुरस्कार जीते. करीब पांच घंटे की इस मस्तीभरी विंटर पार्टी में सभी सखियों ने आने वाले नए वर्ष के लिए एकदूसरे को बधाई और शुभकामनाएं भी सौंपी.